# CSA Univ holds HPV seminar

**Kanpur:** Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology, organised an HPV awareness seminar and public awareness programme to make local people aware about HPV infection, prevention of cervical cancer, HPV vaccination. Students presented a street play. Through slogans, posters the importance of the HPV vaccine, were presented in a simple manner. Later, students took out an awareness rally. TNN

Times Of India 11/08/2026

लोक भारती

कानपुर | मंगलवार | 11 अगस्त, 2026

कानपुर-लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

फ की चुनौतियां 06 यात्रा :छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर 12

# एचपीवी एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

लोकभारती न्यूज ब्यूरो



चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित आनंदी माँ-एक जीवन बचाओ अभियान (कैंसर मुक्त भारत यात्रा) 2026-27 के अंतर्गत एचपीवीजागरूकता सेमिनार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, एचपीवी टीकाकरण तथा समय पर स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्थानीय लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, पोस्टर एवं लेखन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया । इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम का आयोजन डॉ.संघमित्रा महापात्रा, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं एसोसिएट प्रोफेसर, विभाग विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के मार्गदर्शन एवं समन्वय में किया गया। इस जागरूकता अभियान में शोध छात्राएं कोमल शुक्ला, दीक्षा श्रीवास्तव, मोनिका वर्मा एवं रागिनी सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित किया तथा उन्हें एचपीवी संक्रमण और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों को विशेष रूप से एचपीवी संक्रमण से बचाव, सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक पहचान, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

अमर उजाला 11/08/2026

...मैनेजमेंट सीट पर एडमिशन के लिए पहुंचते हैं।
...ही है। (ब्यूरो)

# नुक्कड़ नाटक, पोस्टर से दिया सर्वाइकल कैंसर जागरूकता संदेश

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से एचपीवी जागरूकता सेमिनार और जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, स्लोगन और लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के जरिए सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों को सरल तरीके से प्रस्तुत किया। डॉ. संघमित्रा महापात्रा समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। (ब्यूरो)



घबराइए मत,
कराएंगे हर
समस्या का
समाधान

02

विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण

वर्ष : 19 अंक : 202 | लखनऊ, मंगलवार, 11 अगस्त 2026 | पृष्ठ : 16, मूल्य: ₹4/- | www.vishwavarta.com | टेस्ट सीरी

# बकरी पालन प्रशिक्षण शुरू

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर में पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। आज से शुरू हुए इस कार्यक्रम में कानपुर देहात जनपद के विभिन्न विकास खंडों से 25 किसान हिस्सा ले रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि बकरी पालन ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए एक बेहतर स्वरोजगार विकल्प है। इससे नियमित आय का साधन तैयार होता है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। डॉ. सिंह ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बकरी पालन जैसे लघु पशुपालन व्यवसाय को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने किसानों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने भारत में बकरी पालन की स्थिति, प्रमुख नस्लों की पहचान और प्रजनन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 18 अंक : 44 कानपुर, मंगलवार 11 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रु

राष्ट्रीय स्वरूप

# विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक जरिए सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

कानपुर । सीएसए में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित आनंदी माँ एक जीवन बचाओ अभियान (कैंसर मुक्त भारत यात्रा) 2026-27 के अंतर्गत एचपीवी (।क्क्) जागरूकता सेमिनार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, एचपीवी टीकाकरण तथा समय पर स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्थानीय लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, पोस्टर एवं लेखन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया । इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में



जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के उच्चमाध्यम से स्थानीय लोगों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम का आयोजन डॉ.संघमित्रा महापात्रा, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं एसोसिएट प्रोफेसर, विभाग विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के मार्गदर्शन एवं समन्वय में किया गया। इस जागरूकता अभियान में शोध छात्राएं कोमल शुक्ला, दीक्षा श्रीवास्तव, मोनिका वर्मा एवं रागिनी सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्राओं ने नुक्कड़

# सीएसए के वैज्ञानिकों ने पशु पालकों को दिया बकरी पालन का प्रशिक्षण, कहा बढ़ेगी आय

कानपुर देहात, 10 अगस्त। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर में पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। आज से शुरू हुए इस कार्यक्रम में कानपुर देहात जनपद के विभिन्न विकास खंडों से 25 किसान हिस्सा ले रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि बकरी पालन ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए एक बेहतर स्वरोजगार विकल्प है। इससे नियमित आय का साधन तैयार होता है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। डॉ सिंह ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बकरी पालन जैसे लघु पशुपालन व्यवसाय को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने किसानों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने भारत में बकरी पालन की स्थिति, प्रमुख नस्लों की पहचान और प्रजनन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पोषण, आवास, रखरखाव और मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. शशिकांत ने वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन करने पर विशेष जोर दिया। इससे किसान कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को व्यावसायिक बकरी पालन की पूरी प्रक्रिया सिखाई जाएगी। उन्हें यह भी बताया कि बकरी पालन करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस अवसर पर केंद्र के डॉ खलील खान, डॉ दीपक मिश्रा एवं डॉ निमिषा अवस्थी ने भी किसानों को संबोधित किया।

# सीएसए के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक ,पोस्टर, स्लोगन एवं लेखन के माध्यम से एचपीवी एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

दैनिक कानपुर उजाला

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित 'आनंदी माँ-एक जीवन बचाओ अभियान (कैंसर मुक्त भारत यात्रा) 2026-27' के अंतर्गत एचपीवी जागरूकता सेमिनार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, एचपीवी टीकाकरण तथा समय पर स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्थानीय लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक, स्लोगन,



पोस्टर एवं लेखन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम का आयोजन डॉ.संघमित्रा महापात्रा, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं एसोसिएट प्रोफेसर, विभाग विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के मार्गदर्शन एवं समन्वय में किया गया। इस जागरूकता अभियान में शोध छात्राएं कोमल शुक्ला, दीक्षा श्रीवास्तव, मोनिका वर्मा एवं रागिनी सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित किया तथा उन्हें एचपीवी संक्रमण और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी।

कानपुर, मंगलवार
11 अगस्त, 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 14
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 350 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

# विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक जरिए सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर ।** सीएसए में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित आनंदी माँदृ क जीवन बचाओ अभियान ;कैंसर मुक्त भारत यात्राद्ध 2026.27श् के अंतर्गत एचपीवी ;भ्च्टद्ध जागरूकता सेमिनार एवं जन.जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को एचपीवी संक्रमणए सर्वाइकल कैंसर की रोकथामए एचपीवी टीकाकरण तथा समय पर स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्थानीय लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटकए स्लोगनए पोस्टर एवं लेखन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के कारणोंए लक्षणोंए बचाव के उपायों तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया । इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के उच्चमाध्यम से स्थानीय लोगों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम का आयोजन डॉण्संघमित्रा महापात्राए सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं एसोसिएट प्रोफेसरए विभाग विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधनए कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के मार्गदर्शन एवं समन्वय में किया गया। इस जागरूकता अभियान में शोध छात्राएं कोमल शुक्लाए दीक्षा श्रीवास्तवए मोनिका वर्मा एवं रागिनी सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित किया तथा उन्हें एचपीवी संक्रमण और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों को विशेष रूप से एचपीवी संक्रमण से बचावए सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक पहचानए नियमित स्वास्थ्य जांच एवं एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

वर्ष-19 अंक-279 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए कानपुर, मंगलवार 11 अगस्त 2026

कानपुर से प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, ऐटा, हरदोई, उन्नाव, कानपुर देहात, औरैया में प्रसारित

RNI No.- UPHIN/2007/27090

दैनिक नगर छाया


आप की आवाज़.....

नार्थ

या

p@





में खेले जाएंगे।

# केवीके दलीपनगर में पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण शुरू, किसानों को मिलेंगे स्वरोजगार के गुर

कानपुर देहात। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) दलीपनगर में सोमवार से पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए 25 किसान भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि बकरी पालन ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए आय बढ़ाने तथा स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम है। इससे कम निवेश में बेहतर लाभ प्राप्त किया जा सकता है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने किसानों को भारत में बकरी पालन की वर्तमान स्थिति, प्रमुख नस्लों की पहचान, प्रजनन प्रबंधन, पोषण, आवास व्यवस्था तथा रखरखाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन और बेहतर लाभ हासिल कर सकते हैं। साथ ही बकरी पालन से जुड़े मूल्य संवर्धन और विपणन के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ. अरुण कुमार सिंह ने युवाओं से कृषि के साथ पशुपालन आधारित उद्यम अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को व्यावसायिक बकरी पालन की पूरी प्रक्रिया, रोग प्रबंधन, टीकाकरण, संतुलित आहार तथा आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे इसे लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर सकें।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, डॉ. दीपक मिश्रा एवं डॉ. निमिषा अवस्थी ने भी किसानों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

# कानपुर : एचपीवी के खिलाफ सीएसए छात्रों ने जगाई जागरूकता



दि ग्राम टुडे,कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में एचपीवी संक्रमण एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के 'आनंदी माँदृएक जीवन बचाओ अभियान (कैंसर मुक्त भारत यात्रा) 2026–27' के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, स्लोगन और लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव और एचपीवी टीकाकरण के महत्व को सरल भाषा में समझाया। इसके बाद जागरूकता रैली निकालकर स्थानीय लोगों को एचपीवी संक्रमण से बचाव, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर बीमारी की पहचान के प्रति सचेत किया गया।

कार्यक्रम डॉ. संघमित्रा महापात्रा, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं एसोसिएट प्रोफेसर, विभाग विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के मार्गदर्शन एवं समन्वय में हुआ। अभियान में शोध छात्राएं कोमल शुक्ला, दीक्षा श्रीवास्तव, मोनिका वर्मा और रागिनी सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्राओं ने स्थानीय लोगों से संवाद कर एचपीवी से बचाव और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उपाय बताए। कार्यक्रम का संदेश रहाकृ"जागरूक बनें, एचपीवी से बचें और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में सहभागी बनें।"

अमर उजाला 11/08/2026

# बकरी पालन से बढ़ते आय के अवसर

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार से पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि बकरी पालन ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए एक सशक्त स्वरोजगार का माध्यम है। इससे नियमित आय के अवसर बढ़ते हैं। डॉ. शशिकांत, डॉ. खलील खान, डॉ. दीपक मिश्रा, डॉ. निमिष अवस्थी आदि मौजूद रहीं। (ब्यूरो)

हिंदुस्तान 11/08/2026

# एचपीवी संक्रमण और जांच के प्रति किया जागरूक

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के आनंदी मां-एक जीवन बचाओ अभियान (कैंसर मुक्त भारत यात्रा) के तहत एचपीवी जागरूकता सेमिनार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम आदि के प्रति जागरूक करना रहा। डॉ.संघमित्रा रहीं।